एक नजर में

कोरी सामाजिक संगठन ने मनाया फाग उत्सव

उज्जैन। वीरांगना झलकारी बाई कोरी सामाजिक संगठन की ओर से होली मिलन उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्ष दीपा आर्य ने सभी बहनों को होली की बधाई दी। कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर पूरे उल्लास के साथ फाग उत्सव मनाया। दीपा आर्य ने बताया कि इस आयोजन में संगठन की सचिव रागिनी हटिया, पुष्पा जंगरिया, नीलम वर्मा, दिव्या रठा, अनीता भिटौरिया, अर्चना कछवाय, सरोज कछवाय, प्रेमलता जंगरिया, टीना रठा, प्रियंका रठा, ममता मानकेरे, रीना हटिया, संजना कोरी, ममता लारिया और अंजू बड़ोनिया उपस्थित थीं।

नागर ब्राह्मण समाज आज मनाएगा फागोत्सव

उज्जैन। मध्य प्रदेश नागर ब्राह्मण समाज शाखा उज्जैन द्वारा आज 7 मार्च, शनिवार को हाटकेश धाम में पारंपरिक फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाजजन अपने कुलदेवता भगवान हाटकेश्वर और संत नरसिंह मेहता का पूजन-अर्चन कर होली का पर्व उल्लास के साथ मनाएंगे। समाज के अध्यक्ष विजय शर्मा और नागर महिला मंडल की अध्यक्ष प्रतिमा नेहा मेहता ने बताया कि उत्सव में नागर महिला मंडल की सदस्यों द्वारा सामूहिक होली गीतों और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान समाज के गायक कलाकार और कविगण भी अपनी सहभागिता करते हुए फाग गीत और कविताएं प्रस्तुत करेंगे। इस विशेष मौके पर पदाधिकारियों को विभिन्न उपाधियों से नवाजा भी जाएगा। आयोजन के अंत में सभी समाजजन एक-दूसरे के साथ फूलों की होली खेलेंगे, जिसके पश्चात स्वल्पाहार और ठंडाई की व्यवस्था रहेगी। अध्यक्ष विजय शर्मा और महिला मंडल अध्यक्ष प्रतिमा नेहा मेहता ने सभी समाजजनों से इस फागोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

बैस राजपूत समाज पहुंचा शोकग्रस्त परिवारों में

उज्जैन। होली के पावन पर्व पर बैस राजपूत समाज द्वारा पारंपरिक गैर उत्साह और गरिमा के साथ निकाली गई। कुशलपुरा स्थित बैस राजपूत समाज धर्मशाला पर समाजजन एकत्रित हुए, जहां परस्पर गुलाल लगाकर एक-दूसरे को पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। आपसी स्नेह और सौहार्द का यह दृश्य अत्यंत आनंदमय रहा। इसके पचात समाजजन गैर के रूप में संगठित होकर शहर में स्थित शोकग्रस्त परिवारों के निवास पर पहुंचे। यहां रंग डालकर संवेदनाएं प्रकट की गई और दुख साझा किया गया। यह अनूठी परंपरा समाज की एकजुटता, संस्कार और परस्पर सहयोग की भावना को दर्शाती है। गैर समाज की धर्मशाला से प्रारंभ होकर बहादुरगंज, फायर ब्रिगेड, मोहननगर, चाणक्यपुरी स्थित समाज के गमी वाले परिवारों के घर पहुंची और रंग डालकर शोक निवारण किया। यहां से गेर समाज की धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुई। समाजजन समाज धर्मशाला में होली मिलन समारोह हेतु एकत्रित हुए। यहां भोजन के पश्चात सभी ने गुलाल के साथ होली खेलकर रंगों के उत्सव का भरपूर आनंद लिया। यह जानकारी बैस राजपूत समाज की टीम के सदस्यों ने दी।

उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह सम्मानित

उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विजनरी नेतृत्व और प्रदेश में रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म को बढ़ावा देने के प्रयासों के फलस्वरूप मध्यप्रदेश के पर्यटन मानचित्र पर एक और स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। जर्मनी के बर्लिन में आयोजित आईटीबी बर्लिन ट्रैवल मार्ट में प्रदेश के प्रसिद्ध हिल स्टेशन पचमढ़ी को प्रतिष्ठित ग्रीन डेस्टिनेशंस ब्रॉन्ज सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है। यह प्रमाणन नीदरलैंड स्थित ग्रीन डेस्टिनेशंस फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया जाता है, जो ग्लोबल सस्टेनेबल टूरिज्म काउंसिल से मान्यता प्राप्त संस्था है। पचमढ़ी में यह अंतर्राष्ट्रीय गौरव हासिल करने वाला देश का पहला हिल स्टेशन बन गया है। मप्र टूरिज्म बोर्ड की ओर से उज्जैन कमिश्नर आशीष सिंह ने यह सम्मान प्राप्त किया।

खाचरौद बीएमओ को किया निलंबित

उज्जैन। किसानों से लेकर टीकाकरण तक और और छात्र-छात्राओं के प्रवेश से लेकर आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र बनाने तक के लिए एक बड़े पैमाने पर मीटिंग लेकर उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने लक्ष्य तय करने के दिशा निर्देश दिए। साथ ही बीएमओ के उपस्थित नहीं रहने पर उन्हें निलंबित भी कर दिया।

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में नि:शुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार दोपहर कलेक्टर कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिपं सीईओ श्रेयांस कुमट, सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल, डीओ ट्राइबल निधि जायसवाल, एसडीएम, जनपद सीईओ, बीएमओ, सीडीपीओ सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अप्रैल से शाला प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी 30 सितंबर तक छह वर्ष के होने वाले जिले के सभी बच्चों का 1 अप्रैल को विद्यालयों में प्रवेश सुनिश्चित कर पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। शासन के निर्देशानुसार ऐसे सभी बच्चों का शाला में प्रवेश कराना अनिवार्य है। इधर कलेक्टर ने अभिभावकों से सहमति पत्र प्राप्त कर सभी छात्रावासों में छात्राओं का नि:शुल्क टीकाकरण शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए। बैठक में खाचरौद के बीएमओ के बिना सूचना अनुपस्थित रहने पर उन्हें निलंबित करने के निर्देश भी दिए गए।

जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी की मौत

उज्जैन। जहरीला पदार्थ खाने वाली 16 वर्षीय किशोरी की उपचार के दौरान रात में मौत हो गई। पुलिस निजी अस्पताल से किशोरी का शव पोस्टमार्टम के लिये शासकीय चरक अस्पताल लेकर आई। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया परिवारों ने बताया कि मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी।

चिंतामण गणेश थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि ग्राम चंदूखेड़ी में रहने वाली रानू पिता अर्जुन आंजना 16 साल ने दिन में जहरीला पदार्थ खा लिया था। हालत बिगड़ने पर परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां उपचार के दौरान रात में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस निजी अस्पताल पहुंची। जहां परिजनों ने बताया कि रानू का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। उसका उपचार भी चल रहा था। परिवार खेती किसानी का काम करता है। घर में रखा कीटनाशक जहर उसने संभवत: गलती से गटक लिया था। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमार्टम के बाद आगे की जांच शुरू की गई है।

महिदपुर मेले में पति ने महिला को चाकू मारा

महिदपुर में गंगावाड़ी मवेशी मेला लगा हुआ था जिसका गुरुवार को समापन हुआ। इस दौरान वहां पारदी समुदाय से जुड़ी महिला सलमा पर उसके पति जगदीश ने चाकू से हमला कर दिया। सलमा के गले पर चाकू लगने से वह घायल हो गई। उसे उपचार के लिए रात में चरक अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा था कि सलमा नर्मदापुरम की रहने वाली है और मेले में आई हुई थी जहां पति से विवाद होने पर घटना हुई है। अस्पताल स्टॉफ की ओर से मिली जानकारी अनुसार चाकू के गहरे घाव नहीं लगे थे। जिसके चलते सलमा का प्राथमिक उपचार किया गया।

रंग पंचमी पर श्रीकृष्ण-सुदामा रंगोत्सव की समीक्षा

उज्जैन। रंग पंचमी के अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में प्रस्तावित श्रीकृष्णा सुदामा रंग उत्सव अंतर्गत सिंधी कॉलोनी चौराहा से लेकर तीन बत्ती होते हुए टावर चौक तक आयोजन किया जाएगा।

उक्त आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम द्वारा व्यवस्थाएं की जाना है। इस हेतु निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश के क्रम में अपर आयुक्त संतोष टैगोर को उक्त आयोजन का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसके क्रम में शुक्रवार को नोडल अधिकारी संतोष टैगोर की उपस्थिति में आयोजन को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा की जाने वाली तैयारी के संबंध में समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि निगम द्वारा जो व्यवस्थाएं की जाना है। वह समय पूर्व एवं मुख्यमंत्री की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए गरिमामय रूप से की जाए।

आयोजन को ध्यान में रखते हुए नगर निगम द्वारा उक्त प्रस्तावित मार्ग से अवैध अतिक्रमण हटाना, ट्रीमिंग का कार्य, रोड पेंचवर्क, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता इत्यादि व्यवस्थाएं, मंच व्यवस्था इत्यादि प्रारंभ की गई है साथ ही 8 मार्च को भी पेयजल व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, फायर फाइटर इत्यादि व्यवस्था निगम की रहेगी। बैठक में उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, प्रदीप सेन, कार्यपालन यंत्री लक्ष्मण प्रसाद साहू, जनसंपर्क अधिकारी पवन कुमार, स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौड़ एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।

6 बदमाश छह-छह माह के लिए जिलाबदर

▶ कलेक्टर ने जारी किए आदेश, जिले की सीमा से रहेंगे बाहर

उज्जैन। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रौशन कुमार सिंह ने चिमनगंज मंडी थाना क्षेत्र के आफताब ऊर्फ मोहम्मद सलीम खान, माधवनगर थाना क्षेत्र के नवीन पाटीदार पिता गोपाल पाटीदार, नागदा थाना क्षेत्र के शाहरुख ऊर्फ कांचा पिता शाबिर मंसूरी, बिरलाग्राम नागदा थाना क्षेत्र के प्रशांत चित्रे पिता मनोज चित्रे, माकड़ोन थाना क्षेत्र के चैनसिंह पिता शंकरसिंह राजपूत, चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र के निर्मल सेन पिता स्व. राधेश्याम सेन को छह-छह माह के लिए जिला बदर किया है।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिए है। आदेश के तहत सभी 6 व्यक्तियों को मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत उज्जैन जिला एवं उज्जैन जिले की सीमावर्ती जिले देवास, इंदौर, रतलाम, शाजापुर, मंदसौर, धार एवं आगर मालवा की राजस्व सीमाओं से छह-छह माह की अवधि के लिए जिला बदर किया गया है। यदि उक्त अनावेदकों के विरूद्ध कोई प्रकरण उज्जैन जिले में स्थित न्यायालय में चल रहा हो तो वे नियत पेशी पर उपस्थित हो सकेंगे, परन्तु इसके पूर्व अनावेदक को संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में सूचना देनी होगी। न्यायालय में पेशी होने के तुरन्त पश्चात कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी न्यायालय के आदेश का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

दिन और रात के तापमान में 20 डिग्री सेल्सियस का हुआ अंतर

उज्जैन। मौसम में बदलाव आना शुरू हो गया है। दिन-रात के तापमान में 20 डिग्री का फासला हो चुका है। हवा की गति भी कम हो गई है। जिसके चलते गर्मी असर दिखाने लगी है। मौसम विभाग की माने तो कुछ दिन तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मार्च के अंतिम सप्ताह में तापमान 40 डिग्री पहुंच सकता है।

इस बार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता की वजह से फरवरी माह के अंत मौसम में ठंड बनी हुई थी। जिले में ओलावृष्टि और बारिश का नजारा भी दिखाई दिया था। मौसम ने किसानों को सबसे बड़ी चिंता में डाला था, लेकिन अब मार्च की शुरुआत हो चुकी है और मौसम में बदलाव आने लगा है। होलिका दहन के बाद दिन में तापमान बढ़ रहा है। शुक्रवार को शासकीय जीवाजीराव वेधशाला पर अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री दर्ज किया गया। जो सीजन का सबसे अधिक रहा। इस बीच गुरूवार शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान 14.2 डिग्री रहा। जिसके चलते दिन-रात में 20 डिग्री के लगभग अंतर आ गया है। फरवरी माह में हवा की गति 12 से 14 किलोमीटर की बनी हुई थी, जो अब 4 किलोमीटर की रह गई है। आर्द्रता का प्रतिशत सुबह 74 और शाम को 21 होगा गया है।

दर्शनार्थी परिवार के साथ मारपीट करने वाले गिरफ्तार

▶ पैसे देने से इनकार करने पर आरोपी ने की थी मारपीट

उज्जैन। जयपुर से दर्शन करने आए परिवार के साथ पार्किंग शुल्क के नाम पर मारपीट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों को शुक्रवार धोखा न्यायालय में पेश किया गया जहां से भैरवगढ़ जेल भेजा गया है।

महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि 3 फरवरी को नितिन चतुर्वेदी निवासी प्रताप नगर थाना सांगानेर, जयपुर (राजस्थान) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने परिजनो के साथ उज्जैन दर्शन के लिए आया था। रात्रि लगभग 8 बजे उसने अपनी महिंद्रा थार क्रमांक आर जे 45 सी वी 8304 को नृसिंहघाट ब्रिज के पास सावंरिया भोजनालय के सामने

खड़ी कर घाट पर चला गया। करीब रात 9.35 बजे वापस आने पर सावंरिया भोजनालय से दो युवक आए और पार्किंग के 50 रुपये मांगने लगे। पैसे देने से मना करने पर दोनों ने फरियादी को गाली-गलौज करते हुए थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की। बीच-बचाव करने पर पत्नी व पुत्र के साथ भी मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। दोनों युवकों के खिलाफ धाराओ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। दर्शनार्थी परिवार के साथ ही मारपीट को गंभीरता से लिया गया और सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखने के बाद दोनों की पहचान महेन्द्र पिता नन्दकिशोर माली 26 वर्ष और महेश पिता नन्दकिशोर माली 23 वर्ष निवासी भूखी माता मार्ग के रूप में करते हुए गुरुवार रात दोनों को गिरफ्तार कर लिया। जिन्हें शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल वारंट पर जारी होने पर भैरवगढ़ जेल भेजा गया है।

तिरुपति में युवक ने घर में लगाई फांसी

उज्जैन। चिमनगंज थाना क्षेत्र के तिरूपति सॉलिटर में रहने वाले राकेश पिता महेश प्रजापत ने गुरुवार रात घर में फांसी लगा ली। परिजन उसे अस्तपाल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम कक्ष रख पुलिस को सूचना दी गई है। आशंका जताई जा रही है कि आर्थिक परेशानी के चलते युवक ने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की जांच में लिया है।

लिपिकवर्गीय कर्मचारी संघ का होली मिलन समारोह

उज्जैन। म.प्र. लिपिकवर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ उज्जैन द्वारा संयुक्त नगरीय तहसील कार्यालय कोठी महल के परिसर में लिपिकवर्गीय साथियों का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया।

आयोजन अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला उज्जैन के अध्यक्ष एमएस पटेल, उज्जैन नगर एसडीएम एलएन गर्ग, नायब तहसीलदार दर्यावसिंह भुर्रा, नायब तहसीलदार दुबेन्द्रसिंह गोयल और देवेन्द्र व्यास के आतिथ्य में संपन्न हुआ। स्वागत जिला शाखा अध्यक्ष चित्रेश वाघे और महिला विंग

अध्यक्ष उज्जवला गज्जर द्वारा किया गया। संघ के जिला सचिव नवीन तेजनकर ने बताया कि समारोह में संघ की ओर से प्रांतीय कार्यकारिणी में मनोनीत हुए पदाधिकारी जी.एम. जाटवा, प्रवीण जोशी, सुनील चौहान और सतीश परमार का स्वागत किया गया। इस दौरान महिला विंग की कार्यकारी जिलाध्यक्ष के पद पर प्रिया मरमट को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही संघ की जिला शाखा के पूर्व कोषाध्यक्ष हरीश गुप्ता के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें सम्मानित किया गया। संचालन निखिलेश गौड़ ने किया। आभार उज्जवला गज्जर ने माना।

45 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजन किया जाएगा

कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि संघ की स्थापना के 45 वर्ष पूर्ण होने पर मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में भोपाल के रवीन्द्र भवन में भव्य स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित होना है। इस आयोजन में उज्जैन जिले से अधिक से अधिक साथियों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर उपस्थित लिपिक साथियों ने अपनी सहमति प्रदान की।

आद्य गौड़ ब्राह्मण समाज आज मनाएगा फाग

उज्जैन। आद्य गौड़ ब्राह्मण समाज ट्रस्ट उज्जैन के मातृ शक्ति प्रकोष्ठ ने 7 मार्च शनिवार को सायं 4 बजे मंगलनाथ रोड स्थित मैरिज गार्डन में फाग उत्सव और होली मिलन समारोह आयोजित किया है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन समाज की जानकारी वाला कैलेंडर का विमोचन करेंगे। कार्यक्रम का ड्रेस कोड होली रंगों पर आधारित रानी, पीला, नीला और लाल रंग तय किया गया है। कार्यक्रम में सबसे पहले आने वाले तीन कपल्स को विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं भजन मंडली के साथ गीत संगीत और नृत्य का आनंद भी दिया जाएगा। फाग उत्सव की थीम तंबोला हाउजी रहेगी। उक्त जानकारी ट्रस्ट के गोकुल शर्मा ने दी।

महाकाल मंदिर के पास पिता ने बेटी को मारे चाकू

▶ 16 साल बाद लौटा था पिता, मां ने
▶ लगाया बेचने का आरोप

उज्जैन। पारदी समुदाय की युवती को शुक्रवार सुबह महाकाल मंदिर के पास उसके ही पिता ने चाकू मार दिए। घायल युवती को अस्पताल लाया गया। मां ने आरोप लगाया कि पिता 16 साल से अलग रह रहा था। अब बेटी को बेचना चाहता है।

कार्तिक मेला ग्राउण्ड में डेरा बनाकर रहने वाली वर्षा पिता बरसना 18 वर्ष मूलरूप से जेल रोड महेश्वर की रहने वाली है। वह अपनी मां मानाबाई और छोटी बहन के साथ महाकाल मंदिर के आसपास कंठी-माला बेचने का काम करती है। सुबह मंदिर के गेट नंबर 1 के बाहर वह कंठी-माला बेच रही थी। उसी दौरान पिता आया और चाकू से हमला कर दिया। वर्षा के पैर और पीठ पर चाकू लगने से वह लहूलुहान हो गई। हमला करने के बाद पिता भाग निकला। घायल युवती को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिए भर्ती किया है। इस दौरान खबर मिलने पर अस्पताल पहुंची मां मानाबाई ने बताया कि वर्षा और उसकी छोटी बहन को बचपन से वही पाल रही है। पति दोनों बेटियों को 16 साल पहले छोड़कर चला गया था। उसने दूसरा विवाह भी कर लिया था। मानाबाई का आरोप था कि समुदाय में बेटियों का विवाह करने पर लड़के वालों की ओर से रुपए मिलते हैं। पति अब बड़ी बेटी की शादी करना चाहता है। उसने बेटी का 5 लाख में सौदा कर दिया है। वह कुछ दिन पहले वापस लौटा और बेटी की शादी के लिए दबाव बना रहा था। बेटी ने शादी से इंकार कर दिया था। फिलहाल महाकाल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। चाकू मारने वाले पिता की तलाश की जा रही है।

रासेयो के विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का समापन

▶ शिक्षा के साथ पारंपरिक
▶ व्यवसाय सीखने पर जोर

उज्जैन। लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) का विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर ग्राम मंगरोला में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। समापन समारोह भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत के प्रांतीय महामंत्री भारत सिंह बैस की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में भारत सिंह बैस ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ अपने पारंपरिक व्यवसाय को भी सीखने और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

रक्तदान से लेकर नुक्कड़ नाटक तक

इस विशेष शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने कई रचनात्मक और सामाजिक सरोकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जन-जागरण के लिए रैली निकाली गई और रक्तदान (ब्लड डोनेशन) किया गया। इसके साथ ही गांव के स्कूल और आंगनवाड़ी में सर्वेक्षण कार्य भी पूरा किया गया। सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए।

कार्यक्रम में मंगरोला के सरपंच मुकेश ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि नित्य नियम संस्था के संस्थापक अभिलाष जैन मुख्य वक्ता रहे। सभी अतिथियों का स्वागत बैज लगाकर किया गया।

इस माह व्रत और त्योहार ▶ पूर्णिमा पर 2 अप्रैल को समापन, धार्मिक त्योहारों में लगे रहेंगे लोग

चैत्र में नवरात्रि, रामनवमी व हनुमान जयंती जैसे अनेक पर्व आएंगे

उज्जैन। चैत्र मास लगते ही त्योहार भी शुरू हो गए। चैत्र में रंगपंचमी, नवरात्रि, गुड़ी पड़वा, रामनवमी और हनुमान जयंती जैसे कई पर्व आएंगे। जिसमें श्रद्धालु पूरे महीने ही धर्म-कर्म में व्यस्त रहने वाले हैं। इसका समापन 2 अप्रैल को पूर्णिमा पर होगा।

उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया कि 8 मार्च को रंगपंचमी, 10 मार्च को शीतला सप्तमी, 14 मार्च को एकादशी, 18 मार्च को चैत्र अमावस्या, 19 मार्च को गुड़ी पड़वा नवरात्रि, 22 मार्च को चतुर्थी, 26 मार्च को महाष्टमी, 27 मार्च को रामनवमी व 2 अप्रैल को चैत्र शुक्ल पूर्णिमा पर हनुमान जयंती पर्व होगा। चैत्र मास में ही हिंदू नववर्ष की शुरुआत चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होगी। इसी रोज विक्रम संवत 2083 की शुरुआत होगी।

इसके साथ ही उज्जैन के शिप्रा तट पर स्थित प्राचीन श्री ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर में आज शनिवार को रंग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भक्त फूलों से होली खलेंगे। भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर योगी पीर महंत श्री रामनाथ जी महाराज के सानिध्य में यहां रंग महोत्सव का आयोजन महंत श्री महावीर नाथ जी महाराज के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। महंत श्री महावीर नाथ जी महाराज ने बताया कि शाम 6 बजे से उत्सव प्रारंभ होगा। इस अवसर पर भगवान को प्राकृतिक रंग-गुलाल अर्पित की जाएगी। विशेष श्रृंगार कर ढोल-नगाड़ों से महाआरती की जाएगी। इसके पश्चात रंग महोत्सव की शुरुआत होगी। भक्तों को महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

आज टेसू के फूलों से होली खेलेंगे बाबा

उज्जैन। पीपलीनाका रोड स्थित अति प्राचीन बाबा गुमानदेव हनुमान गढ़ी में इस वर्ष भी रंगोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आज शनिवार 7 मार्च को रात 8 बजे से बाबा गुमानदेव हनुमान के दरबार में रंगों का उल्लास छाएगा। मंदिर के गादीपति पंडित चंदन श्याम नारायण व्यास ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी रंगोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस आयोजन में गुमानदेव हनुमान को अबीर और गुलाल लगाकर उनके साथ होली खेलेंगे।